भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *205
उत्तर देने की तारीख 07.08.2025

महत्वपूर्ण प्रेरक और जीवनी संबंधी साहित्य का अनुवाद

***205. श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकिया :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्रोतों से महत्वपूर्ण प्रेरक और जीवनी संबंधी साहित्य के हिंदी में अनुवाद की सुविधा के लिए कोई विशेष पहल की है;

(ख) क्या सरकार ने छात्रों में साहित्य पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा मंत्रालय और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर संयुक्त पहल की है; और

(ग) क्या ये प्रयास मोबाइल उपकरणों पर निर्भरता कम करने और युवा पीढ़ी में पढ़ने के प्रति नया उत्साह जागृत करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं?

उत्तर
संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

"महत्वपूर्ण प्रेरक और जीवनी संबंधी साहित्य का अनुवाद" के संबंध में दिनांक 07 अगस्त, 2025 को माननीय संसद सदस्य श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकिया द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *205 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): जी, हां। संस्कृति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन स्वायत्त निकाय, साहित्य अकादमी, अपनी शुरुआत से अंतरराष्ट्रीय स्रोतों जैसे कि रूसी, अंग्रेजी, स्पानी, चीनी आदि जैसी भाषाओं से प्रेरक और जीवनी संबंधी साहित्य सहित साहित्यिक रचनाओं के हिंदी अनुवाद में कार्यरत है। इन अनुवादों में से कुछ प्रकाशनों की सूची **अनुलग्नक-I** पर दी गई है।

इसके अतिरिक्त, शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) इंडिया ने पुस्तकों और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक रचनाओं का हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद प्रकाशित किया है। ऐसे प्रकाशनों की प्रतिनिधि सूची **अनुलग्नक-II** पर संलग्न है।

सरकार के प्रयासों के अलावा, विदेशी भाषा विभाग वाले विश्वविद्यालय, निजी प्रकाशक तथा साहित्यिक समूह ऐसे साहित्य का हिंदी में अनुवाद करने में कार्यरत हैं।

(ख) और (ग): साहित्य अकादमी वयस्कों और छात्रों, दोनों में पढ़ने की आदत और साहित्य सराहना को बढ़ावा देने के लिए नेशनल बुक ट्रस्ट, शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेलों में भाग लेती है।

इसके अतिरिक्त, संस्कृति मंत्रालय, साहित्य अकादमी के माध्यम से अपने वार्षिक साहित्य महोत्सव के भाग के रूप में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करता है जिसमें कथा लेखन से संबंधित 'स्पिन-ए-टेल', काव्य लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं शामिल हैं। यह अकादमी अंग्रेजी और हिंदी में 'किस्सा-ओ-कलम: द स्पीकिंग पेन' नामक वार्षिक रचनात्मक लेखन कार्यशाला भी आयोजित करती है जिसका उद्देश्य साहित्य के क्षेत्र में युवा प्रतिभा का विकास करना है।

इन दोनों कार्यक्रमों में, बाल प्रतिभागियों को मोबाइल फोन का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाती और साहित्य में प्रत्यक्ष भागीदारी के माध्यम से उनकी रचनात्मकता तथा कल्पनाशक्ति को बढ़ावा देते हुए, स्वतंत्र रूप से वाचन और लेखन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

*****

अनुलग्नक-I

'महत्वपूर्ण प्रेरक और जीवनी संबंधी साहित्य का अनुवाद' के संबंध में दिनांक 07 अगस्त, 2025 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *205 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

हिंदी में प्रकाशित विदेशी साहित्य

कहानी-संग्रह	
अलेक्सांद्र पुश्किन : प्रतिनिधि कहानियाँ (रूसी)	अनुवाद : ए. चारुमति रामदास
ग्यारह तुर्की कहानियाँ	अनुवाद : मस्तराम कपूर
ग्यारह लातिन अमेरिकी कहानियाँ	अनुवाद : राजीव सक्सेना
झोंपड़ीवाले और अन्य कहानियाँ (रोमानियाई)	लेखक : मिहाइल सादौबैनू
पाकिस्तानी कहानियाँ	चयन-इंतिजार हुसैन एवं आसिफ़ फ़र्रुखी
फ़ौजी लड़कियाँ तथा अन्य कहानियाँ (अफ्रीकी अंग्रेज़ी)	लेखक : चिनुआ अचेबे
बारह हंगारी कहानियाँ	अनुवाद : भारतभूषण अग्रवाल
मॉरिशस की हिंदी कहानियाँ	संपादक : कमलकिशोर गोयनका
श्रेष्ठ बर्मी कहानियाँ	संपादक : चन्द्रप्रकाश प्रभाकर 'मौतिरि'
सात युगोस्लाव कहानियाँ	अनुवाद : प्रभाकर माचवे
उपन्यास	
कसांद्रा दाग (रूसी)	लेखक: चिंगीज़ आइत्मातोव
कांदीद (फ्रांसीसी)	लेखक : वाल्तेयर
गुंतेर की सर्दियाँ (स्पानी उपन्यास)	लेखक : ख़्वान मान्वेल मार्कोस
गंजी की कहानी (जपानी)	लेखक : मूरासाकी शिकाबू
जनता का आदमी (अफ्रीकी अंग्रेजी)	लेखक: चिनुआ अचेबे
झंझा भवन (अंग्रेजी)	लेखक : एमिली ब्रॉण्टे
डॉन किवग्जोट (स्पानी)	लेखक: सरवान्तीस
व्रीना नदी का पुल (युगास्लाव)	लेखक : इवो आंदिच
बौना (स्वीडिश)	लेखक: पार लागरक्विस्त
मुक्तिस्वप्न (स्पानी)	लेखक: होते रिसाल
राख और हीरे (पोलिश)	लेखक : येर्जी आंद्रजेयेव्स्की
लासारो (स्पानी)	लेखक : अज्ञात
हजार सारस (जापानी)	लेखक : यासुनारी कावाबाता

विविध	
एरियोपेजेटिका (अंग्रेजी वक्तव्य)	लेखक: जॉन मिल्टन
सेसार व्याख्यो (चयनित रचनाएँ)	संपादक : श्यामा प्रसाद गांगुली
टालस्टाय और भारत (रूसी निबंध-संग्रह)	लेखक : अलेक्जेंडर शिफ़मन
पथ का प्रभाव (चीनी गौरव ग्रंथ)	लेखक: लाओ-त्यो
पुरानी धरती का बेटा (मंगोलियाई)	लेखक : नात्स्गदोर्ज
महात्मा गाँधी: जीवन और दर्शन (फ्रांसीसी)	लेखक: रोमां रोलां
राजा (इतालवी)	लेखक : नीक्कोला माकियावेल्ली
विवेकानन्द (फ्रांसीसी)	लेखक : रोमां रोलां
रिल्के के प्रतिनिधि पत्र (जर्मन)	लेखक: राइनेर मारिया रिल्के
लू-शुन की रचनाएँ (चीनी)	लेखक : लू शून
वाल्डेन-सरोवर (अमरीकी संस्मरण)	लेखक: हेनरी डेविड लोरी
शब्द (फ्रांसीसी आत्मकथा)	लेखक: ज्याँ पॉल सार्त्र
नाटक	
अगमेम्मन (ग्रीक)	लेखक : एस्केलस
ऑथेलो (अंग्रेज़ी)	लेखक : शेक्सपियर
आर. यू. आर. (चैक)	लेखक: कैरेल चैपेक
ईडिपस त्रयी (ग्रीक)	लेखक : सोफॉक्लीज
मुर्गाबी (नार्वेजियन)	लेखक : इब्सन
मौलियर के दो नाटक (फ्रांसीसी)	अनुवादक : प्रफुलचंद्र ओझा 'मुक्त', हसंकुमार तिवारी
स्वप्न रंग (स्वीडिश)	लेखक : आगस्त स्ट्रिंडबर्ग
बाल साहित्य	
अचरज ग्रह की दंतकथा (जापानी विज्ञान कहानियाँ)	लेखक : ताज़िमा शिन्जी
ग्रिम बंधुओ की कहानियाँ (जर्मन, दो खंडों में)	लेखक: हरिकृष्ण देवसरे
जापान की कथाएँ	लेखक: साइजी माकिनो
हैंस एंडरसन की कहानियाँ (डेनिश), दो खंडों में	लेखक : ओरासियो किरोगा
जंगल कथा	
काव्य संग्रह	
अब भी बसन्त को तुम्हारी जरूरत है (जर्मन)	लेखक : राइनेर मारिया रिल्के

अबाई कुनान्बायेव चयनिका (कज़ाकी)	अनुवादक : हेमचन्द्र पाण्डे, वरयाम सिंह
आक्तोविओ पाज़ की कविताएँ (स्पानी)	अनुवादक : प्रयाग शुक्ल
आधुनिक हंगारी कविता (हंगरी)	संपादक : मिकलोश वायेदा
इस सदी की प्रेम कहानी (स्वीडिश)	लेखक : मैर्ता तिक्कान्नैन
कोरियाई कविता-यात्रा (कोरियाई)	अनुवाद : दिविक रमेश
धरती का फरिश्ता (मूल स्पानी के साथ हिंदी)	लेखक : राफाएल आल्बेर्ती
नियति का निनाद (रूसी)	लेखक : फ्योदर त्यूत्वेव
पाब्लो नेरुदा कविता संचयन (स्पानी)	लेखक : पाबलो नेरुदा
परमाणु बम की छाया में (जापानी)	अनुवाद : हरजेंद्र चौधरी, मिकि यूइचिरो
बड़ा चिड़ियाघर और अन्य कविताएँ (स्पानी)	लेखक : नीकोलास गीय्येन
बाँस की टहनियाँ (चीनी)	लेखक : बाई जूई
बिखरे नक्षत्रों के बीच (रूसी)	अलेक्सांद्र पूश्किन
मनास (किर्गीज़ महाकाव्य)	अनुवाद : वरयाम सिंह
मेरे ईश्वर ने मुझसे कहा (चार फ्रांसीसी	चयन एवं अनुवाद : शरद चंद्रा
प्रतीकवादी कवियों की कविताएं)	लेखक : खोसे अर्नान्देस
मार्तिन फिएरों (स्पानी)	लेखक : पाब्लो नेरुदा
रुको, ओ पृथ्वी (स्पानी)	अनुवाद : पद्मा सचदेव
शिशिर रात्रि का अनुराग (कोरियाई सीजो	संपादक : आन्द्रीआ देलेतान्त
कविताएँ)	लेखक : टिमोथी वांगुसा
सच लेता है आकार (रोमानियाई)	अनुवाद : रीतारानी पालीवाल
सुनो अफ्रीका (अफ्रीकी अंग्रेजी)	चयनकर्त्ता एवं अनुवादक : श्यामाप्रसाद
जापान की मन्योशु कविताएँ	गांगुली, मीनाक्षी सुंद्रियाल, कुंदन कानन
यह संपन्नता बिखरी हुई (लातिन अमेरिकी	
और कैरेबिआई कविताएँ : मूल स्पानी सहित)	

अनुलग्नक-II

'महत्वपूर्ण प्रेरक और जीवनी संबंधी साहित्य का अनुवाद' के संबंध में दिनांक 07 अगस्त, 2025 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *205 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

साहित्यिक कृतियां (नेशनल बुक ट्रस्ट)

क्र. सं.	पुस्तक का नाम	विवरण
1	अंतिम टिकट एवं अन्य कहानियाँ	एसीसीयू प्रकाशन प्रस्तुत पुस्तक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के दस देशों की दस कहानियाँ संकलित हैं जो युवाओं को विशेष रूप से पठनीय लगेंगी।
2	आओ, हँसें एक साथ (संकलन)	एसीसीयू प्रकाशन 18 देशों के सहयोग से तैयार 53 हास्य–कथाओं, 54 पहेलियों और 23 कहावतों का रोचक संकलन।
3	आधुनिक एशियाई कहानियाँ (संकलन)	एसीसीयू प्रकाशन बाल पाठकों के लिए विभिन्न एशियाई देशों की 14 प्रमुख कहानियों का संग्रह, जिसे एशियाई सांस्कृतिक केंद्र, यूनेस्को के सहयोग से प्रकाशित किया गया है।
4	दीपक एवं अन्य कहानियाँ	एसीसीयू प्रकाशन प्रस्तुत पुस्तक में एशिया–प्रशांत क्षेत्र के दस देशों की दस कहानियाँ संकलित हैं जो युवाओं को बेहद पसंद आएँगी।
5	नाटकों की बातें (संकलन)	एसीसीयू प्रकाशन इस पुस्तक में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 14 देशों के चुनींदा बाल नाटकों का प्रकाशन किया गया है। बच्चों में नाटकों के मंचन हेतु प्रेरणादायक और मंच–सज्जा आदि उपयोगी जानकारियों सहित निर्देश भी दिए गए हैं।
6	हक (एक चित्रपुस्तक) (संकलन)	एसीसीयू प्रकाशन किशोर पाठकों के लिए एशिया और प्रशांत क्षेत्र के देशों पर एक प्रभावी पुस्तक। इन देशों के चयनित विषयों पर आधारित 18 सदस्य देशों द्वारा तैयार की गई यह चित्रपुस्तक के माध्यम से एक महत्वपूर्ण प्रकाशन।

7	बताओ, मैं क्या कर रहा हूँ?	एसीसीयू प्रकाशन
8	सुनो कहानी	एसीसीयू प्रकाशन एशिया–प्रशांत सहप्रकाशन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रकाशित इस पुस्तक में 20 देशों की कहानियों और चित्रों को संकलित किया गया है।
9	तोतो–चान	तेत्सुको कुरोयानागी 'बेस्ट सेलर' मूल जापानी पुस्तक 'तोतो–चान : खिड़की में खड़ी नन्ही लड़की' का हिंदी अनुवाद है यह पुस्तक। एक सात वर्षीया नन्ही–सी लड़की तोतो–चान की अत्यंत मनोरंजक एवं सच्ची कहानी, जिसे पहली ही कक्षा में 'असभ्य लड़की' की संज्ञा देकर स्कूल से निकाल दिया जाता है।
10	काता लीना	(डोमिनिकन गणराज्य के पक्षी)
11	उल्टा – पुल्टा	(डोमिनिकन गणराज्य)
12	मोटाइनाई दादी माँ	मरिको शिंजु
13	नन्हा शोपेन	मीहाठ रुशिनेक
14	1971: बांग्लादेश मुक्ति युद्ध की कहानियाँ	
15	अलबेला-अलबेली	
16	चीनी चाशनी	
17	जंगली घास	
18	जीवनः काँटा या फूल	
19	तपते दिनः लंबी रातें (अफ़्रीकी कहानियाँ)	
20	ब्राज़ीली कहानियाँ	

*****